हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार 25 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 31.6 डिग्री
न्यूनतम 25 .8 डिग्री

11 पूर्व एमएलए की अगुवाई में युवाओं का प्रदर्शन, नारेबाजी करने के बाद सौंपा डीसी को ज्ञापन



12 जिला स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिताएं आज से, तीन तक लड़के और चार अगस्त तक लड़कियां दिखाएंगी दम



## मंत्री रणबीर गंगवा ने सुने मीटिंग में परिवाद, पंद्रह में आठ परिवादों का किया निपटारा

# पैमाइश रिपोर्ट नहीं देने पर डीआरओ को फटकार अंसल बिल्डर के खिलाफ एफआईआर के आदेश




रेवाड़ी। बैठक में लोगों की शिकायते सुनतें मंत्री गंगवा व अधिकारी,मंत्री के समक्ष अपनी शिकायत रखते हुए लोग।





*एक बीडीपीओ को अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रदेश के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में परिवादों का निपटारा करते हुए बव्वा की पंचायत को जमीन की पैमाइश रिपोर्ट नहीं देने पर डीआओ प्रदीप देशवाल की जमकर खिंचाई की। उन्होंने आदेश दिए कि जमीन की नए सिरे से पैमाइश कराकर इसकी रिपोर्ट सरपंच को सौंपी जाए। मंत्री ने शुक्रवार को बाल भवन सभागार में 15 परिवादों की सुनवाई करते हुए 8 का मौके पर ही निपटारा किया, जबकि शेष परिवादों को अगली बैठक के लिए लंबित रखा गया। एक अन्य परिवाद पर मंत्री ने अंसल टाउन के बिल्डर पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश भी दिए। बव्वा की सरपंच सुनीता देवी की ओर से दायर परिवाद में बताया गया था कि स्वामी विवेकानंद स्कूल से कन्या हाई स्कूल तक जमीन की पैमाइश सितंबर 2025 में कराई गई थी, जिसकी रिपोर्ट आज तक नहीं दी गई है। ग्राम पंचायत की ओर से इस जमीन की पैमाइश वर्ष 2000 में भी कराई गई थी। जमीन पर प्रभावशाली लोगों का कब्जा पाया गया था, पैमाइश की रिपोर्ट तक नहीं दी जा रही है। इस परिवाद पर मंत्री ने डीआरओ प्रदीप देशवाल की न सिर्फ जमकर खिंचाई की, बल्कि दस दिन में रास्ते की नए सिरे से पैमाइश कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए। डीआरओ मंत्री के सवालों तक का सही जवाब नहीं दे पाए। एक बीडीपीओ के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश भी मंत्री ने दिए।

### ये रहे ग्रीवेंश कमेटी की बैठक में मौजूद

इस अवसर पर कोसली के विधायक अनिल यादव, बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार, डीसी अभिषेक मीणा, पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र मीणा, एडीसी राहुल मोढी, भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली, नगर परिषद चेयरमैन विनीता पीपल, पीपीपी के स्टेट कोऑर्डिनेटर सतीश खोला, डीएमसी ब्रह्मप्रकाश, एसडीएम विजय कुमार यादव, एसडीएम संजीव कुमार, धारूहेड़ा पालिका के चेयरमैन अजय जांगड़ा, भाजपा जिला महामंत्री हिमांशु पालीवाल, अधीक्षक अभियंता पब्लिक हेल्थ सतीश राठी, बीएंडआर के एसई पंकज गौड़, सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता प्रदीप यादव, उदयभान डागर, अनिल भारद्वाज व राजकुमार कतोपुरा मौजूद थे।

वेट एंड वाच के मूड में नजर आए गंगवा

परिवादों की सुनवाई के दौरान कुछ प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली संतोषजनक नजर नहीं आई। उनके बगल में बैठे विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कुछ अधिकारियों के खिलाफ तत्काल एक्शन लेने का कई बार इशारा किया, परंतु मंत्री उनकी बातों को टाल गए। किसी भी अधिकारी के खिलाफ कोई एक्शन लेने की बजाय अगली बैठक तक इंतजार करने की बात मंत्री ने कही।

### बैठक में इन शिकायतों पर की गई सुनवाई

मनजीत ने शिकायत रखी कि उनको वर्ष 2014 में एचएसवीपी से प्लॉट कागजी तौर पर मिला था, लेकिन प्लॉट का कब्जा आज तक नहीं मिला। लोक निर्माण मंत्री ने निर्देश दिए कि एक माह में शिकायतकर्ता को प्लॉट का फिजिकल कब्जा दिलाया जाए। इस मामले में और देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सादत नगर निवासी गजराज सिंह ने शिकायत रखी कि कोसली में उनकी कॉलोनी को सरकार ने नियमित कर दिया है, किंतु आज तक इसका प्रशासनिक व सामाजिक दृष्टि से सही प्रारूप तैयार नहीं हो पाया है। उनके प्लॉट में भी आम रास्तों को नक्शा में दिखाया गया है। गांव लाखनौर निवासी हरपाल ने बताया कि उनके गांव में मिट्टी का अवैध रूप से खनन किया जा रहा है, जिस कारण उनके खेत का रास्ता ही बंद हो गया है। मंत्री ने प्रशासन की ओर से मौके पर जाकर रिपोर्ट तैयार करके दोषियों खिलाफ कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को लिखने के निर्देश दिए। दुर्गा कॉलोनी के निवासियों ने सीवरेज जाम रहने की समस्या रखी।

## खबर संक्षेप



### चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** जून माह में सिविल अस्पताल की पार्किंग से बाइक चोरी करने के मामले में सिटी पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बाइक बरामद होने के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया। पुलिस शिकायत में रामपुरा निवासी कुलदीप ने बताया था कि उसने अपनी बाइक 24 जून को सिविल अस्पताल के नए ब्लॉक के सामने पार्क की थी। यह बाइक उसकी भाभी के नाम पंजीकृत है। अगले दिन अस्पताल से अपने पिता को डिस्चार्ज कराने के बाद जब वह घर जाने लगा, तो उसकी बाइक नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के खैरथल के मोहल्ला पटनीया निवासी मोनू कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर ली।

### हादसे के बाद फरार गाड़ी चालक गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। भिवाड़ी मोड़ के पास किसी वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई थी। चालक वाहन सहित फरार हो गया था। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर 8 जुलाई को केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में गुरुग्राम के भौड़ा कलां निवासी अरुण को गिरफ्तार कर लिया। हादसे में प्रयुक्त गाड़ी भी पुलिस ने कब्जे में ले ली। आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### महिला से अश्लील हरकत के आरोपी काबू

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव में महिला को लज्जित करने के मामले में महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर कई आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। महिला ने अश्लील हरकतें करने के आरोप लगाए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने एक गांव निवासी मनीष, अनीता और अभय सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

### हुड़दंगबाजी करने के आरोप में दो दबोचे

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंगबाजी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग मॉडल टाउन एरिया में सार्वजनिक स्थाना पर हुड़दंगबाजी कर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने वहां मौजूद भगवानपुर निवासी पवन और बिठवाना निवासी हरविंद्र को गिरफ्तार कर लिया।

### दहेज उत्पीड़न मामले का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक गांव निवासी महिला ने पुलिस शिकायत में पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट करने और दहेज नहीं लाने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। बाद में पुलिस ने 23 जनवरी को केस दर्ज किया था। इस मामले में महेंद्रगढ़ के बेरवाल निवासी कपिल को गिरफ्तार कर लिया।



### वर्क फ्रॉम होम के नाम पर 1.35 लाख रुपये की ठगी का दूसरा आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** साइबर थाना पुलिस ने गत वर्ष सितंबर माह में एक महिला से वर्क फ्रॉम होम के नाम पर लगभग 1.35 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत वर्ष 1 सितंबर को मोहल्ला शक्ति नगर में किराए के मकान में रह रही मूल रूप से राजस्थान के सरदार शहर निवासी पूनम स्वामी ने पुलिस शिकायत में बताया था कि उसने 28 सितंबर 2025 को इंस्टाग्राम पर वर्क फ्रॉम होम के लिए दिए गए लिंक पर एप्लाई किया था। इसके बाद वह टेलीग्राम से एक चेन सिस्टम से जुड़ गई। इसके बाद उसके पास गूगल रिव्यू के लिए टास्क भेजे गए। उसे पहले 800 रुपये के बदले 1040 और उसके बाद 3 हजार रुपये के बदले 3900 रुपये मिले। अगले टास्क के लिए उसने एक खाते में 15 हजार और दूसरे में 60 हजार रुपये ट्रांसफर किए थे। जब उसने चैटिंग के जरिए प्रोफिट की मांग की तो उसे बताया कि उसका खाता फ्रीज हो गया। उसे अनफ्रीज कराने के लिए 60 हजार रुपये और ट्रांसफर करने होंगे। उसने यह राशि भी दो ट्रांजेक्शन के जरिए ट्रांसफर कर दी। इसके बाद उससे 1 लाख रुपये और ट्रांसफर करने को कहा, तो उसे ठगी का पता चला। पुलिस ने ठगी का मामला दर्ज करके मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद नाबालिग से रेप

## अश्लील फोटो से ब्लैकमेल करने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग लड़की ने चरखी दादरी के युवक पर इंस्टाग्राम पर दोस्ती करने के बाद दुष्कर्म का शिकार बनाने व अश्लील फोटो लेकर ब्लैकमेल करने के आरोप में पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर को कार्रवाई के लिए संबंधित पुलिस थाने प्रेषित किया गया है। पुलिस शिकायत में नाबालिग ने बताया कि लगभग दो साल पहले उसकी इंस्टाग्राम पर एक युवक से दोस्ती हुई थी। सौरभ नाम के युवक ने उसे चरखी दादरी रेलवे स्टेशन पर मिलने के लिए बुलाया था। सौरभ के बुलाने पर वह पहली बार अप्रैल 2024 में उससे मिलने रेलवे स्टेशन चरखी दादरी गई थी। उसके बाद उसने उसे अपने झांसे में ले लिया। जून 2024 में दोबारा उसके कहने पर चरखी दादरी रेलवे स्टेशन पर गई थी। उसने कहा कि वह उससे शादी करना चाहता है तथा उसे अपनी मां से मिलवाना चाहता है। जिसके बाद वह उसके साथ उसकी मोटरसाइकिल पर बैठकर उसके गांव चली गई। परन्तु उसके घर पर कोई नहीं था। वहां सौरभ ने उसकी मर्जी के खिलाफ उसके साथ यौन सम्बन्ध बनाये तथा तथा नग्न अवस्था में उसकी कुछ फोटो अपने फोन में खींच ली। उसके बाद उसने मुझे बार बार बुलाने के लिए धमकाना शुरू कर दिया। उससे मिलने से मना करने पर उसने दिसम्बर 2025 में उसके पिता को फोन पर उसे जबरन उठाकर ले जाने तथा उसके फोटो वायरल करने की धमकी देना शुरू कर दिया।

### काउंसलिंग कराने के बाद दर्ज किया केस

नाबालिग ने आरोप लगाया कि जून 2026 में सौरभ ने उसकी फोटो उसके जीजा को वीडियो कॉल के जरिए दिखाकर उसे वायरल करने की धमकी दी। उसे व उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने उसकी शिकायत पर लीगल एड से काउंसलिंग कराने के बाद आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत जीरो एफआईआर दर्ज करने के बाद उसे चरखी दादरी संबंधित थाने को प्रेषित कर दिया।

# डीटीपी की कार्रवाई, पांच एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी ध्वस्त

- पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। सेक्टर-12 में अवैध कॉलोनी का निर्माण तोड़ती जेसीबी, गांव बालावास जमापुर में कच्चे रोड को समतल करती जेसीबी।

डीटीपी विभाग की टीम ने शुक्रवार को शहरी क्षेत्र की राजस्व सीमा में दो स्थानों पर अवैध रूप से विकसित हो रही कॉलोनियों में निर्माणों को ध्वस्त किया। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी की टीम ने शहरी क्षेत्र व गांव बालावास जमापुर की राजस्व सीमा में 5 एकड़ में अवैध रूप से विकसित हो रही कॉलोनियों में बुलडोजर चलाया। डीटीपी के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम सेक्टर-12 क्षेत्र में पहुंची, जहां डीटीपी की टीम ने करीब 3 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी का जमींदोज कर दिया। टीम ने यहां पर 7 डीपीपी व कच्चे रोड नेटवर्क को समतल कर दिया। इसके बाद डीटीपी की टीम गांव बालावास जमापुर की सीमा में पहुंची। जहां टीम ने 2 एकड़ में अवैध रूप से विकसित हो रही कॉलोनी में प्रारंभिक चरण में कच्चे रोड नेटवर्क को समतल कर दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ।

### कार्रवाई जारी रहेगी



डीटीपी नरेन्द्र नैन ने कहा कि लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों से नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदने का आह्वान किया। डीटीपी ने कहा कि विभाग की ओर से अवैध निर्माणों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय से अजय शास्त्री को मिली पीएचडी की उपाधि



**रेवाड़ी।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक के संस्कृत विभाग के शोधार्थी अजय शास्त्री को ज्योतिष वेदाङ्ग का विश्लेषणात्मक अध्ययनः वर्तमान परिप्रेक्ष्य के संदर्भ में विषय पर शोध कार्य पूर्ण करने के उपरांत पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। यह शोध कार्य शोध निदेशक डा. बबलू शर्मा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बी एम यादव, संस्कृत विभागाध्यक्ष डा. जगदीश भारद्वाज तथा शोध निर्देशक डा. बबलू शर्मा ने अजय शास्त्री को बधाई दीं। डा.अजय शास्त्री ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व शोध निदेशक सहित गुरुजनों तथा बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय परिवार को दिया। डा. शास्त्री ने शुरूआती शिक्षा गुरुकुल से तथा शास्त्री, ज्योतिष से आचार्य, महर्षि पाणिनी यूनिवर्सिटी उज्जैन से किया है। वर्तमान में रेवाड़ी शहर में ज्योतिष संस्थान का संचालन कर रहे हैं।

# विद्यार्थियों को करियर बनाने के लिए किया मार्गदर्शित

*ऑनलाइन पंजीकरण व अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी दी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रोजगार विभाग की ओर से 20 से 24 जुलाई तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान सहायक रोजगार अधिकारी दिनेश तंवर ने स्वामी उमा भारती स्कूल, राजकीय कन्या विद्यालय रेवाड़ी, राजकीय विद्यालय गोकलगढ़ व बीकानेर तथा सहायक रोजगार अधिकारी कोसली ने राजकीय विद्यालय कोसली, गुड़ियानी, नाहड़, राजकीय आईटीआई कोसली में विद्यार्थियों को उनके व्यावसायिक लक्ष्य निर्धारण व करियर को विभिन्न क्षेत्रों में निखारने के लिए मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम में करीब 550 विद्यार्थियों को विज्ञापित रिक्तियों, स्वरोजगार के अवसर प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान अधिकारियों ने ऑनलाइन पंजीकरण व अन्य सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

## तापमान में मामूली कमी के बावजूद बढ़ी उमस, मौसम में बार-बार बदलाव आने की संभावना

# कई इलाकों में झमाझम के बाद खुला आसमान बारिश के बाद उमस ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वीरवार देर रात से कई इलाकों में हो रही बिखराव वाली बारिश के बाद शुक्रवार को दिन में भी झमाझम बारिश होती रही। सुबह 8 बजे तक औसत 4 एमएम ही बारिश हुई। दोपहर तक कई इलाकों में बूंदाबांदी और हल्की बारिश होती रही। दोपहर बाद आसमान साफ होते ही धूप ने उमस पैदा कर दी, जिससे लोगों को शाम तक भारी गर्मी का सामना करना पड़ा। मौसम के जल्द साफ होने की संभावना नहीं है। रुक-रुककर बूंदाबांदी से हल्की बारिश तक हो सकती है, लेकिन भारी बारिश की संभावना कम है। शुक्रवार को सुबह के समय आसमान में बादल गहराने के बाद कई इलाकों में बूंदाबांदी शुरू हो गई। इसके बाद कुछ ब्लॉक में हल्की से मध्यम बारिश हुई। सुबह 8 बजे तक कोसली खंड में सर्वाधिक 6 एमएम बारिश दर्ज की गई। रेवाड़ी और धारूहेड़ा खंड में 5-5 एमएम, डहीना में 6 एमएम और नाहड़ में 5.2 एमएम बारिश हुई। मनेठी में सबसे कम 1.4 एमएम बारिश हुई, जबकि पाल्हावास और बावल खंड सूखे रहे। हालांकि सुबह 8 बजे के बाद कई खंडों में रुक-रुककर बारिश होती रही। दोपहर तक बारिश का सिलसिला चलता रहा। अधिकतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस कम होकर 31.6 डिग्री सेल्सियस पर आ गया।



रेवाड़ी। शुक्रवार सुबह आई बरसात में बावल रोड से गुजरते लोग। फोटो : हरिभूमि

### एक सप्ताह तक इसी तरह का मौसम रहेगा

मौसम विभाग के अनुसार मानसून की सक्रियता के चलते लगभग एक सप्ताह तक मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल सकता है। इस दौरान अलग-अलग हिस्सों में बिखराव वाली बारिश हो सकती है। कहीं बूंदाबांदी, तो कहीं हल्की से मध्यम बारिश के आसार बने हुए हैं। अगले सप्ताह भारी बरसात भी हो सकती है। इस दौरान तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव बना रह सकता है।

### खेतों में छाने लगी जमकर हरियाली

मानसून की बारिश शुरू होने के बाद खाली पड़े खेतों में भी हरियाली नजर आने लगी है। किसानों ने खरीफ की फसल के रूप में कपास और बाजरा बोए हुए हैं। इन फसलों को सिंचाई की ज्यादा जरूरत होती है। बारिश शुरू होने के बाद दोनों फसलों को अच्छा फायदा मिला है। खाली खेतों में भी खरपतवार उग आया है, जिससे खेत हरे ही हरे नजर आने लगे हैं।

### अनार-नट संगीत लोकार्पण समारोह बाल भवन में आज

**रेवाड़ी।** सांस्कृतिक संस्था बंजारा के कलाकारों की देखरेख में तैयार किए गए हरियाणवी लोक नाटक अनार-नट के संगीत का लोकार्पण 25 जुलाई को शाम 7 बजे बल भवन में किया जाएगा। अनार-नट सह निदेशक ऋषि सिंहल ने बताया कि जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र सिंह यादव के मुख्य अतिथि में होने वाले समारोह के अध्यक्षता वरिष्ठ रंगकर्मी एवं अभिनेता विजय भाटोटिया करेंगे। उन्होंने बताया कि बॉलीवुड के जाने-माने फिल्म लेखक एवं कथाकार बाबू गौतम की ओर से लिखित नाटक के मंचन में पिछले कई दिनों से बंजारा के कलाकार जुटे हुए हैं, शनिवार को नाटक का केवल संगीत लॉन्च किया जाएगा।



## किंग की रिलीज अफवाहों पर विराम 24 दिसंबर को होगा बड़ा धमाका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की मच अवेटेड फिल्म 'किंग' को लेकर चल रही रिलीज टलने की खबरों पर अब पूरी तरह विराम लगता नजर आ रहा है। कुछ समय पहले रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि शाहरुख खान की चोट और दीपिका पादुकोण की प्रेग्नेंसी के चलते फिल्म की शूटिंग प्रभावित हो सकती है और यह क्रिसमस 2026 रिलीज के लिए समय पर तैयार नहीं हो पाएगी। मेकर्स फिल्म को तय समय पर रिलीज करने की तैयारी में जुटे हुए हैं और खबर है कि यह फिल्म 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार रहेगी। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म का ज्यादातर काम पूरा हो चुका है और अब सिर्फ एक आखिरी इंटरनेशनल शेड्यूल बाकी बताया जा रहा है। मेकर्स फिलहाल इस अंतिम शूटिंग शेड्यूल के लिए लोकेशन को फाइनल करने में लगे हुए हैं।

लाइफ Style



# राखी

## स्वीटी के बाद अब बनीं चुड़ैल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कई कलाकारों का कहना है कि कॉमेडी करना काफी मुश्किल काम है। हालांकि, हम पांच और देख भाई देख धारावाहिकों की अभिनेत्री राखी विजन अपने लिए कॉमेडी ही सबसे सहज मानती हैं। राखी इन दिनों सोनी सब पर प्रसारित होने वाले धारावाहिक 'चुड़ैल चली ससुराल' में कामिनी की भूमिका निभा रही हैं। अपने धारावाहिक और पात्र के बारे में राखी कहती हैं, इसमें मैं सीबीआई यानी कि चुड़ैल ब्लड ऑफ इंडिया की अध्यक्ष हूं।

मैंने बचपन में एक भोली भाली, मासूम लड़की स्वीटी की भूमिका निभाई थी। तब लोगों ने कहा था कि वाह क्या कमाल का काम किया है, तुम्हारे लिए तो यह एकदम परफेक्ट रोल है। अब उम्र के आधे पड़ाव पर चुड़ैल की भूमिका निभा रही हूं तो अब भी लोग कह रहे हैं कि कमाल का काम है, यह रोल तुम्हारे लिए परफेक्ट है। हमारा शो पूरी तरह हॉरर नहीं है, बल्कि इसमें कॉमेडी के साथ थोड़ा हॉरर है। अब अदृश्य शक्तियों में पूरी दुनिया विश्वास कर रही है तो मैं क्यों न रखूं। मेरा मानना है कि यह सब चीजें कहीं न कहीं होती हैं, तभी तो लोग ऐसी कहानियां बनाते हैं और दर्शक इन पर विश्वास भी करते हैं। व्यावहारिक तौर पर तो मैं स्वयं इन चीजों पर विश्वास नहीं करना चाहती हूं, लेकिन फिर वक्त आने पर इन पर भरोसा भी करने लगती हूं। टीवी हो या फिल्में लगातार कॉमेडी भूमिकाएं कर रहीं राखी का कहना है, 'मैं तो बचपन से कॉमेडी ही करती आ रही हूं। मेरे लिए रोना बहुत मुश्किल है। जब मैं रोती हूं तो मुझे देखकर निर्देशक बोलते हैं, चल झूठी। कितना बकवास कर रही है, तुम्हारी एक्टिंग दिख रही है, जबकि मेरे लिए कॉमेडी बहुत आसान है। मुझसे आसानी से रोया नहीं जाता है। इसके साथ ही मुझसे गरीब अबला नारी वाले रोल भी नहीं हो पाते हैं। मेरे पास ऐसे ऑफर ज्यादा आते भी नहीं हैं।'

हॉलीवुड मसाला



## कॉमिक कॉन में एबेनेजर का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर जॉनी डेप सिनेमा हॉल में अपनी धमाकेदार एंट्री के लिए तैयार हैं। उनकी आगामी फिल्म एबेनेजर का ट्रेलर मेकर्स द्वारा जारी कर दिया गया है। हाल ही में सैन डिएगो कॉमिक-कॉन में यह खबर जॉनी ने खुद अपने फैंस के साथ शेयर की। एक्टर जॉनी डेप एक लंबे ब्रेक के बाद फिर पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। फिल्म एबेनेजर में वह एबेनेजर स्क्रूज नाम के मुख्य किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में उनका किरदार काफी डार्क और अकेला रहेगा। फिल्म चार्ल्स डिकेंस की क्लासिक बुक 'अ क्रिसमस कैरल' पर आधारित है। मगर फिल्म में इसका ज्यादा डार्क वर्जन प्रस्तुत किया जाएगा। फिल्म एबेनेजर के ट्रेलर के अनुसार डेप के किरदार एबेनेजर स्क्रूज का सामना भूतों से होता है।




## सिनेमाघरों में री-रिलीज होंगी हैरी पॉटर की सभी फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** लोकप्रिय सीरीज 'हैरी पॉटर' की फिल्मों को देखते हुए एक पूरी पीढ़ी बड़ी हुई है। इससे दर्शकों का अलग जुड़ाव है। पहली फिल्म 2001 में आई थी और इस बात को इस साल 25 वर्ष हो रहे हैं। फिल्म के सिल्वर जुबली वर्ष को खास बनाने के लिए 'हैरी पॉटर' की आठों फिल्मों को फिर से रिलीज किया जा रहा है। 'हैरी पॉटर' का जादू सिनेमाघरों में फिर लौटने वाला है। दर्शक एक बार फिर बड़े पर्दे पर इन फिल्मों का लुत्फ उठा सकेंगे। हैरी पॉटर की सभी आठ फिल्में फिर से रिलीज जो हो रही हैं। इस साल 27 अगस्त से 3 सितंबर तक ये फिल्में बड़े परदे पर आ रही हैं। 'हैरी पॉटर' के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया गया है। इसके मुताबिक फिल्मों को वर्ल्डवाइड री-रिलीज किया जा रहा है। इसके लिए टिकट 31 जुलाई से मिलने लगेंगे। इन फिल्मों का फिर से रिलीज किया जाना दर्शकों के लिए एक खास पल होगा और वे फिर से पुरानी यादों में लौट सकेंगे। यह फिल्म कनाडा, अमेरिका व अन्य देशों के अलावा भारत में भी रिलीज होने जा रही हैं।



## मुझे भी दो बार देनी पड़ी थी नीट परीक्षा

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले के खिलाफ जारी स्टूडेंट्स के विरोध प्रदर्शन को अब एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर का भी सपोर्ट मिला है। उन्होंने इसे लेकर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। इस दौरान उन्होंने ये खुलासा भी किया कि वो खुद भी नीट पेपर लीक का दर्द झेल चुकी है और इसके चलते उन्हें दो बार परीक्षा देनी पड़ी थी। बता दें कि साल 2015 में भी नीट एग्जाम का पेपर लीक हो गया था। उस वक्त एक्ट्रेस ने इस मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम में दो बार हिस्सा लिया था। उन्होंने साफ़-साफ ये बात कही है कि इस अन्यायपूर्ण दुनिया में बराबरी लाने का एक मात्र जरिया एजुकेशन ही है। एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'एजुकेशन इस अन्यायपूर्ण दुनिया में बराबरी लाने वाला सबसे बड़ा जरिया है। कभी भी हमारे संस्थानों को सुधार की मांग को नकारना नहीं चाहिए. संस्थानों के सुनने, सीखने और सुधार करने से लोकतंत्र मजबूत होता है।



## बेटी राहा को रामायण दिखाने के लिए एक्साइटेड

**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म रामायण को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। इस फिल्म में रणबीर ने राम का किरदार निभाया है। रणबीर इस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हैं ,क्योंकि इसमें ना तो वह सिर्फ राम और पुरुषोत्तम राम का किरदार निभा रहे हैं, बल्कि एक और वजह भी है। दरअसल, यह पहली फिल्म होगी जिसे उनकी बेटी राहा कपूर देखने वाली हैं। दरअसल, एक फैन ने रणबीर से बात करते हुए कहा कि वह इस फिल्म को बच्चे को दिखाएंगे क्योंकि इसमें भारतीय कल्चर को दिखाया जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक एक्टर फिर बोलते हैं, मैं भी काफी एक्साइटेड हूं अपनी बेटी को फिल्म दिखाने के लिए। यह उनकी पहली फिल्म होगी बड़े पर्दे पर। वहीं, हाल ही में खबर आई है कि रामायण का ट्रेलर लॉन्च पोस्टपोन हो गया है।

टीवी मसाला




## यादों की प्लेलिस्ट की थीम पर इंडियन आइडल 16 का ग्रैंड फिनाले कल

**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे पॉपुलर और पसंदीदा रियलिटी शो 'इंडियन आइडल सीजन 16' अपने आखिरी पड़ाव पर पहुंच गया है। 26 जुलाई को शो का ग्रैंड फिनाले होगा, जिसका थीम 'यादों की प्लेलिस्ट' रखा गया है। आखिरी दिन शो के 6 फाइनलिस्ट अपने परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीतेंगे और उस दिन पता चलेगा कि कौन इस सीजन का ट्रॉफी अपने नाम करेगा। कई लोग अपने फेवरेट कंटेस्टेंट के लिए वोट कर रहे है और उनके जीत की कामना कर रहे हैं। शो में विशाल ददलानी, श्रेया घोषाल और बादशाह जज के रूप में नजर आए और आदित्य नारायण ने हमेशा की तरह होस्टिंग की जिम्मेदारी संभाली। वहीं, इस सीजन के 6 फाइनलिस्ट में अंशिका चोंकर, ज्योतिर्मयी नायक, मनराज वीर सिंह, माइसम्मे बोसु, सुहैल सूफी और तनिष्क शुक्ला हैं। पूरे सीजन में उन्होंने अपने गानों से हर श्रोताओं को दीवाना बनाया और यहां तक अपना सफर तय किया। बता दें कि इस बार ग्रैंड फिनाले में श्रेया घोषाल और बादशाह के साथ उषा उत्थुप, उदित नारायण, पापोन, कुमार सानू, शहनाज गिल और उर्मिला मातोंडकर भी खास मेहमान बनकर इस शाम को यादगार बनायेंगे और कई किस्से कहानियों से इसमें रंग भरेंगे। हालांकि विशाल ददलानी इसका इसका हिस्सा नहीं बनेंगे। फिर भी उन्होंने कंटेस्टेंट्स का हौसला बढ़ाया और कहा, 'इस सीजन को शानदार टैलेंट मिला है और मुझे खुशी है कि हमारे टॉप 6 फाइनलिस्ट अपनी मेहनत से यहां पहुंचे हैं।

### करण- तेजस्वी का अंडरवॉटर रोमांस

**नई दिल्ली।** करण कुंद्रा ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक नया व्लॉग पोस्ट किया है। इस व्लॉग में करण कुंद्रा तेजस्वी प्रकाश को पानी के नीचे प्रपोज करते नजर आए। फैंस इस प्रपोजल को देख बोले कि ये दोनों एक दूसरे के लिए ही बने हैं।



करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश टीवी के सबसे क्यूट कपल माने जाते हैं। फैंस बेसब्री से इस कपल की शादी का इंतजार कर रहे हैं। अब करण कुंद्रा ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक व्लॉग पोस्ट किया है। इस व्लॉग में करण कुंद्रा अपनी गर्लफ्रेंड तेजस्वी प्रकाश को पानी के नीचे प्रपोज करते नजर आ रहे हैं। फैंस ने दोनों के इस प्रपोजल पर खूब प्यार लुटाया है। करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश छुट्टियां मनाने मॉरिशस गए थे। इसका ट्रेवल ब्लॉग करण कुंद्रा ने अपने यूट्यूब पर शेयर किया है। मॉरिशस में करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश ने स्कूबा डाइविंग की। करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश ने स्कूबा डाइविंग के दौरान पानी के नीचे की दुनिया का वीडियो अपने व्लॉग में शेयर किया। वीडियो में दिखाई पड़ता है कि तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा पहले तो हाथों से दिल बनाते हैं।

## सैयारा के बाद अहान की नई उड़ान, शारवरी भी आएंगी नजर

**नई दिल्ली।** ब्लॉकबस्टर फिल्म सैयारा की ऐतिहासिक सफलता के बाद बॉलीवुड के नए ओवरनाइट सेंसेशन अहान पांडे एक बार फिर पर्दे पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। सैयारा के बाद वह अगली बड़ी फिल्म यशराज फिल्म्स के बैनर तले कर रहे हैं। अनटाइटल्ड फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर कर रहे हैं। फिल्म रोमांटिक-एक्शन ड्रामा की जिसकी रिलीज डेट लॉक कर दी गई है। फिल्ममेकर आदित्य चोपड़ा और निर्देशक अली अब्बास जफर ने इस अनटाइटल्ड फिल्म की थिएट्रीकल रिलीज डेट अगले साल के लिए लॉक की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की रिलीज डेट 26 मार्च 2027 की तय की है। 26 मार्च को गुड फ्राइडे है। फिल्म में अहान पांडे के साथ शारवरी वाघ के रूप में नजर आएंगी। वहीं, दिग्गज एक्टर बॉबी देओल और अनुराग कश्यप की फिल्म निशांची से तारीफें बटोरने वाले ऐश्वर्य ठाकरे महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म में ऐश्वर्य ठाकरे विलेन का किरदार निभा रहे हैं, जहां अहान और उनके बीच एक जबरदस्त एक्शन फाइट सीक्वेंस देखने को मिलेगा। आपको बता दें कि यह फिल्म अहान पांडे और ऐश्वर्य ठाकरे , दोनों के कॅरियर की दूसरी फिल्म होगी। अहान ने सैयारा से जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की थी, जबकि शरवरी ने बंटी और बबली 2 से डेब्यू करने के बाद मुंज्या, महाराज, वेदा और अल्फा जैसी फिल्मों में अपनी पहचान बनाई।



गीता दत्त की नशीली आवाज में हुआ हमेशा - हमेशा के लिए अमर

## 72 साल पहले विदेश से चुराया गया था ये कल्ट गाना



नई दिल्ली। बॉलीवुड पर अक्सर गाने या उनकी धुनों को कॉपी करने का आरोप लगता रहा है। आर.डी. बर्मन से लेकर अनु मलिक तक कई बड़े संगीतकारों पर विदेशी धुनों को बिना क्रेडिट दिए कॉपी करने के आरोप लगे। इसके बाद पुराने गानों के रीमेक बनाने का ट्रेंड चला। कई बार ये नए ट्रेक्स पसंद भी किए गए, हालांकि कुछ लोगों को शिकायत रही कि इससे ओरिजिनलिटी खत्म हो रही है। आज आपको 1954 के एक ऐसे ही कल्ट गाने के बारे में बताएंगे जिसे क्यूबा के एक गाने से कॉपी किया गया था। हम बात कर रहे हैं फिल्म आर पार के गाने बाबूजी धीरे चलना की। इस गाने को गीता दत्त ने अपनी आवाज से सजाया था और मजरूह सुल्तानपुरी ने इसके बोल लिखे थे। इस गाने को क्यूबा के प्रसिद्ध गाने क्यूजस, क्यूजस, क्यूजस से कॉपी किया गया था। ओ पी नैय्यर ने इसे भारतीय संगीत में ढाला था। क्यूजस, क्यूजस, क्यू को 1947 में ओस्वाल्डो फैरेस ने कंपोज किया था। इस गाने को अभिनेत्री शकीला पर फिल्माया गया है। 'आर-पार'को गुरु दत्त ने डायरेक्ट किया था। ये एक क्लासिक रोमांटिक-कॉमेडी और क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसकी कहानी एक टैक्सी ड्राइवर कालू और उसकी प्रेमिका निक्की के इर्द-गिर्द घूमती है। जब ये गाना रिलीज हुआ तो इसकी लोकप्रियता इतनी थी कि हर गली-मोहल्ले में उस दौरान बस यही धुन सुनने को मिलती थी। शायद यही वजह रही कि रिलीज के बाद ये जबरदस्त हिट साबित हुआ। गीता दत्त ने अपनी नशीली आवाज में इसे हमेशा-हमेशा के लिए हिट बना दिया।

## वर्ल्ड लेवल खजाने की मालिक बनी धमाल 4 की मंडली




**नई दिल्ली।** अभिनेता अजय देवगन की लेटेस्ट फिल्म धमाल 4 की रिलीज को जल्द ही दूसरा सप्ताह पूरा हो जाएगा। इतना समय बीतने का बाद भी धमाल 4 कमाई के मामले में ना तो भारतीय बॉक्स ऑफिस पर हार मान रही है और ना ही वर्ल्ड लेवल पर इसका ग्राफ नीचे आ रहा है। जिस तरह से फिल्म धमाल 4 में दिखाया गया है कि कलाकारों की पूरी मंडली एक पुराने खजाने की तलाश में लगी हुई है, ठीक उसी तरह से दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर धमाल 4 पर जो नोटों की बारिश हो रही है, उससे कहीं न कहीं मेकर्स के हाथ खजाना लगा और वे मालामाल हो रहे हैं। अजय देवगन की इस कॉमेडी मूवी ने दूसरे बुधवार को पूरी दुनिया में करीब 4 करोड़ का कारोबार किया है। इसके साथ ही अब धमाल 4 का टोटल ग्लोबली कलेक्शन 183 करोड़ हो गया है। जबकि ओवरसीज के मामले में ये हिंदी फिल्म अब तक 23 करोड़ से अधिक का बिजनेस कर चुकी है। जिस तरह से फिलहाल धमाल 4 की कमाई वर्ल्ड लेवल पर चल रही है, उससे ये अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है कि जल्द ही ये मूवी ग्लोबली 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो धमाल 4 इस साल की एक और ऐसी बॉलीवुड फिल्म बन सकती है, जो वर्ल्डवाइड 200 करोड़ के कलेक्शन के कल्ब में एंट्री लेगी। इससे पहले बॉर्डर 2, धुरंधर 2 और भूत बंगला ये कारनामा कर चुकी हैं।

### शोले से पहले मचाया था बवाल, 1974 में हुई थी रिलीज

# 65 हफ्तों तक थिएटर से नहीं उतरी थी मनोज कुमार की ये फिल्म

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर्स में शुमार मनोज कुमार ने अपने कॅरियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दी थीं। एक एक्टर के अलावा उन्होंने फैंस का दिल बतौर डायरेक्टर भी जीता था। 'भारत कुमार' के नाम से भी मशहूर हुए मनोज कुमार ने अपने कॅरियर में कई फिल्में बनाई थीं। उनकी एक फिल्म तो ऐसी भी रही है जो सिनेमाघरों से 65 हफ्तों तक नहीं उतरी थी।




### पाकिस्तान में हुआ था जन्म

मनोज कुमार जीवित का जन्म पाकिस्तान के एबटाबाद में 24 जुलाई 1937 को हुआ था। मनोज कुमार का असली नाम हरिकृष्ण गोस्वामी था। हालांकि, फिल्मी दुनिया में आने के बाद उन्होंने अपना नाम बदल लिया था। यहां मनोज कुमार की जिस फिल्म की बात की जा रही है वो जीवन की तीन सबसे अहम और मूलभूत चीजों पर बेस्ड है। इस फिल्म का नाम है 'रोटी, कपड़ा और मकान'। ये फिल्म 'शोले' जैसी आइकॉनिक फिल्म से एक साल पहले यानी साल 1974 में रिलीज हुई थी और दर्शकों के दिलों में हमेशा-हमेशा के लिए समा गई थी।

### निभाई थीं कई जिम्मेदारियां

रोटी कपड़ा और मकान में मनोज कुमार के साथ अमिताभ बच्चन, शशि कपूर, मौसमी चटर्जी और जीनत अमान जैसे दिग्गज कलाकार भी नजर आए थे। गौरतलब है कि मनोज ने ना सिर्फ इसमें अहम किरदार निभाया था, बल्कि इसके डायरेक्शन की कमान भी संभाली थी, जबकि इसके प्रोड्यूसर भी वो ही थे और कहानी भी उन्होंने ही लिखी थी।

### थिएटर्स में चला जलवा

अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स में इस 52 साल पुरानी फिल्म को लेकर दावा किया जाता रहा है कि ये फिल्म 65 हफ्तों तक थिएटर्स में अपना जादू बिखेरनेमे कामयाब रही थी और बहुत बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक़ 1.3 से 2 करोड़ रुपए के बीच के बजट में बनी 'रोटी कपड़ा और मकान' ने दुनियाभर में 10.4 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। ये साल 1974 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म भी बनी थी।

## खबर संक्षेप

### अचानक तबियत बिगड़ने के बाद स्कूल क्लर्क की मौत

**बावल।** सुठानी के सरकारी स्कूल में क्लर्क के पद पर कार्यरत लगभग 55 वर्षीय व्यक्ति की तबियत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। नरेश पाल सुठानी के सरकारी स्कूल में कार्यरत था। वीरवार की रात वह अपने घर पर ही था। अचानक उसकी तबियत खराब हो गई। परिजन उसे लेकर ट्रॉमा सेंटर लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद रात को ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। शुक्रवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### संदिग्ध हालात में फांसी लगाकर दी जान

**बावल।** संत कबीर कॉलोनी में रह रही मूल रूप से यूपी की एक नवविवाहिता की संदिग्ध हालत में फांसी लगाने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। यूपी के रायबरेली निवासी सज्जन लाल कुछ दिन पहले ही अपनी पत्नी 19 वर्षीय प्रियंका के साथ काम की तलाश में आया था। वह संत कबीर कॉलोनी में किराए का कमरा लेकर रह रहा था। उसकी शादी लगभग 4 माह पहले ही हुई थी। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को पति-पत्नी के बीच के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

## पूर्व विधायक चिरंजीवी राव के नेतृत्व में डीसी को सौंपा ज्ञापन, भाजपा नेताओं का फूंका पुतला

# दिल्ली में विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज के खिलाफ सड़क पर उतरे रेवाड़ी के युवा

**विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भाजपा सरकार के खिलाफ की नारेबाजी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

पूर्व विधायक चिरंजीव राव के नेतृत्व में शुक्रवार को बड़ी संख्या में युवाओं ने दिल्ली में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन किया। बाल भवन के बाहर एकत्रित हुए कांग्रेसी नेताओं और युवाओं ने नारेबाजी करते हुए कुछ समय तक धरना दिया। इसके बाद डीसी को ज्ञापन देकर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का पुतला भी जलाया।

मॉडल टाउन स्थित अपने निवास से चिरंजीव राव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवा और कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर बाल भवन की ओर कूच किए। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। पहले कांग्रेस का कार्यक्रम जिला सचिवालय जाकर डीसी को ज्ञापन सौंपने का था, लेकिन डीसी के ग्रीवेंस मीटिंग में होने के कारण कांग्रेसी नेता युवाओं के साथ बाल भवन के बाहर एकत्रित होकर नारेबाजी करने लगे। काफी देर तक डीसी बाहर नहीं आए, तो यह लोग बाल भवन के गेट के बाहर ही धरने पर बैठ गए। इस मौके पर रिचरंजीव राव ने कहा कि देशभर में लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं। लाखों विद्यार्थी वर्षों तक कठिन परिश्रम करते हैं। उनके माता-पिता अपनी गाढ़ी कमाई उनकी पढ़ाई पर खर्च करते हैं, लेकिन बार-बार परीक्षाएं रद्द होने से युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है। जब छात्र अपने अधिकारों के लिए शांतिपूर्ण ढंग से आवाज उठाते हैं, तो उन पर लाठियाँ बरसाई जाती हैं, आंसू गैस के गोले छोड़े जाते हैं और लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन किया जाता है।




रेवाड़ी। दिल्ली में लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेसी व युवा।



रेवाड़ी। भाजपा नेताओं का पुतला फूंकते कांग्रेसी। फोटो : हरिभूमि

### तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दें प्रधान

चिरंजीव राव ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा दें। शिक्षा व्यवस्था को बचाने के लिए जवाबदेही तय करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी संसद से लेकर सड़क तक छात्रों के साथ मजबूती से खड़ी है और तब तक संघर्ष जारी रहेगा, जब तक युवाओं को न्याय नहीं मिल जाता। राम मंदिर में चढ़ावे और दान से जुड़े कथित गबन के मुद्दे पर बोलते हुए चिरंजीव राव ने कहा कि करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़े इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### मंत्री की सुरक्षा में भारी चूक

जिस बाल भवन में प्रदेश के जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग ले रहे थे, उसी बाल भवन के बाहर बड़ी संख्या में युवाओं और कांग्रेसियों का एकत्रित होना सुरक्षा में चूक से कम नहीं था। पुलिस से लेकर खुफिया तंत्र तक को इस बात की भनक तक नहीं लगी कि प्रदर्शनकारी जिला सचिवालय की बजाय बाल भवन पहुंच जाएंगे। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने बाल भवन का गेट बंद कर दिया, जिससे प्रदर्शनकारी अंदर तक नहीं पहुंच पाए। सीटीएम और एडीसी को लौटाने के बाद ज्ञापन लेने खुद डीसी को बाहर आना पड़ा।

## बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए रेवाड़ी से 2197 वकीलों ने दिए शपथ पत्र

**रेवाड़ी।** जिला बार एसोसिएशन के तहत तीनों बार एसोसिएशन रेवाड़ी, बावल तथा कोसली में शुक्रवार को अंतिम दिन अधिवक्ताओं ने अपने शपथ पत्र दायर किया। मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए रेवाड़ी में 2197, बावल में 497 तथा कोसली में 270 अधिवक्ताओं ने शपथ पत्र दायर किए हैं। पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के चुनावी कार्यक्रम के अनुसार 16 सितंबर तक शपथ पत्र देने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी, लेकिन कई अधिवक्ताओं के शपथ पत्र न देने के कारण इसे बढ़ाकर 24 जुलाई कर दिया गया था। शुक्रवार देर शाम तक अधिवक्ताओं का शपथ पत्र एवं वार्षिक शुल्क लेने का काम किया गया और ठीक 5 बजे के बाद अधिवक्ताओं की शपथ पत्र की समय सीमा समाप्त हो गई।

■ 11 सितंबर को होने वाले चुनाव के लिए मतदाता सूची होगी तैयार

आगामी 11 सितंबर को जिला बार एसोसिएशन में चुनाव कराए जाएंगे। इस चुनाव में प्रधान, उप प्रधान, सचिव, सहसचिव तथा कोषाध्यक्ष के चुनाव निर्धारित किए गए हैं। शपथ पत्र लेने के काम में जुटे अधिवक्ता चरण सिंह ने बताया कि अधिवक्ताओं के शपथ पत्र ले लिए गए हैं, अब मतदाता सूची तैयार की जाएगी और 31 जुलाई तक मतदाता सूची बर काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा को भेजी जानी है।

# जन्मदिन व शादी के नाम पर एपीके फाइल भेज लोगों को शिकार बना रहे साइबर ठग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

जिला पुलिस कप्तान हेमेंद्र कुमार मीणा ने जिलावासियों से साइबर अपराधियों के नए-नए हथकंडों से सतर्क रहने की अपील की है। एसपी ने कहा कि साइबर ठग अब जन्मदिन, शादी, सालगिरह, गृह प्रवेश तथा अन्य सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के डिजिटल निमंत्रण के नाम पर एपीके फाइल भेजकर लोगों को साइबर ठगी का शिकार बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी आमजन की भावनाओं और विश्वास का फायदा उठाकर उनके मोबाइल फोन में मैलवेयर इंस्टॉल करा देते हैं, जिससे उनकी निजी जानकारी, बैंकिंग विवरण एवं मेहनत की कमाई खतरे में पड़ सकती है। एसपी ने बताया कि साइबर अपराधी व्हाट्सएप, एसएमएस, टेलीग्राम, फेसबुक मैसेंजर तथा अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से वेडिंग इनवेटेशन एपीके व जन्मदिन इनवेटेशन एपीके जैसी फाइलें भेजते हैं। इनके साथ आकर्षक संदेश लिखे जाते हैं, जिससे लोग इन्हें सामान्य डिजिटल निमंत्रण समझकर डाउनलोड कर लेते हैं, जबकि वास्तव में यह एक मैलवेयर या स्पाईवेयर युक्त हानिकारक एप्लिकेशन होता है, जो इंस्टॉल होते ही मोबाइल की महत्वपूर्ण जानकारियों तक अनधिकृत पहुंच प्रदान कर सकता है।



एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा।

### सतर्क रहें नागरिक

एसपी मीणा ने कहा कि डिजिटल युग में ऑनलाइन बैंकिंग एवं यूपीआई का उपयोग तेजी से बढ़ा है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को साइबर सुरक्षा के प्रति विशेष रूप से जागरूक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान नंबर अथवा संदिग्ध व्यक्ति की ओर से भेजी गई एपीके फाइल को कभी डाउनलोड न करें। यदि किसी शादी, जन्मदिन अथवा अन्य कार्यक्रम का निमंत्रण फॉर्मेट में प्राप्त हो तो उसे तुरंत डिलीट कर दें। एसपी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की साइबर ठगी का शिकार हो जाता है या उसे कोई संदिग्ध एपीके फाइल, लिंक अथवा संदेश प्राप्त होता है, तो घबराने के बजाय तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर शिकायत दर्ज कराएं।

## रेवाड़ी में कटेंगे 97 हजार से अधिक वोटरों के नाम

**रेवाड़ी।** चुनाव आयोग की ओर से कराए जा रहे स्पेशल इंटेशिव रिविजन यानि एसआईआर के तहत जिले के 9 हजार से अधिक मतदाताओं के वोट कटने तय हैं। इन मतदाताओं ने बीएलओ को संबंधित फार्म भरकर जमा नहीं कराए। जिले में 86.84 प्रतिशत मतदाताओं का ही डिजिटलाइजेशन हो सका है।

आयोग की ओर एसआईआर फार्म बीएलओ के पास जमा कराने के लिए 24 जुलाई अंतिम दिन तय किया गया था। इसके बाद चुनाव आयोग की ओर से शुक्रवार को जिलेवार सूची जारी कर दी। जिले में 792 बीएलओज को एसआईआर की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 739338 है। इनमें से 642049 मतदाताओं ने ही बीएलओज को एसआईआर के फार्म भरकर दिए हैं। अब बचे हुए 97289 मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों से कटना तय हो गया है।

# पांचवें दिन भी वकीलों का धरना जारी एसडीएम के तबादले की दोहराई मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

एसडीएम से वकीलों का चला आ रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। वकीलों ने पांचवें दिन भी धरना जारी रखा और एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तबादले की मांग दोहराई। धरना स्थल पर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों ने अपना समर्थन दिया। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान विश्वामित्र यादव ने कहा कि सरकार ने एसडीएम को छुट्टी पर भेज दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि छुट्टी के बावजूद भी उन्होंने अपने घर पर बैठकर 18 केसों में निर्णय लिखवाए हैं। प्रधान ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि एसडीएम के अभी तक के सभी निर्णय की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की आवश्यकता है। वकीलों ने कहा कि जब तक एसडीएम का तबादला नहीं होगा तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रधान ने बताया कि 16 अप्रैल 2026 से एसडीएम अदालत का बहिष्कार किया हुआ था। जिला सत्र न्यायाधीश ने भी इस मामले में कोई सकारात्मक पहल नहीं की, जिसके कारण उन्हें कोई समाधान न होने पर धरना प्रदर्शन करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि जिला न्यायिक अधिकारी भी वकीलों की बात को सक्षम अधिकारियों के पास नहीं पहुंचा पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार व रविवार को छुट्टी होने के कारण धरना प्रदर्शन नहीं होगा। सोमवार को धरना जारी रहेगा। शुक्रवार को इनेलो जिला प्रधान डा. राजपाल यादव ने वकीलों को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार वकीलों की बात नहीं सुन रही है, जबकि वकील ही आम जनता की आवाज उठाकर न्याय दिलाने का काम करते हैं।



रेवाड़ी। धरने पर बैठे हुए अधिवक्तागण। फोटो : हरिभूमि

## विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध: नैंसी



**रेवाड़ी।** मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी नैंसी ने शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में खंड शिक्षा अधिकारियों तथा सीआरसी हेड्स की बैठक ली। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी ने सरकारी विद्यालयों में कंडम घोषित भवन, कबाड़, स्वच्छता, पेयजल टॉयलेट्स, डिजिटल संसाधन, यू डाइस रिपोर्ट, ड्युअल डेस्क, पाठ्य पुस्तकों, प्रयोगशालाओं, विद्यार्थियों व शिक्षकों की डिजिटल उपस्थिति, सीआरसी हेड व एबीआरसी विजिट्स की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के भौतिक संसाधनों में सुधार तथा डिजिटल क्रांति के साथ शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए प्रदेश सरकार व विभाग प्रतिबद्ध है, इसलिए अब किसी भी स्तर पर ढिलाई व कोताही न बरतें तथा विद्यालयों में रचनात्मक बदलाव साफ तौर पर धरातल पर दिखाई देना चाहिए। उपरोक्त सभी तथ्यों का विभिन्न माध्यमों से सभी स्कूलों का निरीक्षण किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा ने कहा कि सभी खंड शिक्षा अधिकारी, सीआरसी हेड्स, मुखिया तथा अध्यापक प्रदेश सरकार की ओर से शैक्षणिक माहौल में किए जा रहे रचनात्मक सुधारों तथा बदलावों को प्रभावी ढंग से लागू करते हुए अपने स्तर पर पेंडेंसी जीरो रखें, ताकि सरकारी स्कूलों की दशा और दिशा बदली जा सकें।

# हरित अभियान के तहत पॉवर सब स्टेशन में लगाए पौधे

■ पौधरोपण के साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों ने संरक्षण का भी लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

पर्यावरण संरक्षण और हरित हरियाणा के संकल्प को साकार करने की दिशा में हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के अधिकारियों और कर्मचारियों ने शुक्रवार को झज्जर रोड स्थित 220 केवी सब-स्टेशन परिसर में व्यापक पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया। अभियान के तहत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर एक्सईएन संजय यादव ने कहा कि पौधारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की सतत प्रक्रिया है। इसी उद्देश्य से यह अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा। जिले के सभी एचवीपीएनके सब-स्टेशनों पर चरणबद्ध तरीके से पौधारोपण किया जाएगा। साथ ही लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित की जाएगी, ताकि वे भविष्य में छायादार एवं फलदार वृक्ष बनकर पर्यावरण को समृद्ध कर सकें। उन्होंने कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभाएं। पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है और ऐसे अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और हरित वातावरण तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



रेवाड़ी। पॉवर सब स्टेशन में पौधे लगाते हुए निगम अधिकारी व कर्मचारी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर धनोंदा संजय यादव, एसएसई धारूहेड़ा भारत मलिक, एसएसई कविंदर यादव, एसडीओ माधव राव, एसएसई नारनौल महेंद्र पाल, एसएसई धनोंदा गौतम वशिष्ठ, एई मोहित अग्रीवाल, एसएसई कोसली अरुण यादव, जेई मेंटेनेंस जगबीर यादव सहित निगम के कई अन्य कर्मचारी मौजूद थे।



रेवाड़ी। प्रेसवार्ता करते मंत्री रणबीर गंगवा।

# संसद में चर्चा में भाग लेने से भी बच रही कांग्रेस: गंगवा

■ पीएम आवास के बाहर राहुल गांधी का प्रदर्शन अशोभनीय संवैधानिक पद की गरिमा का भी नहीं रख रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

प्रदेश के जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि नीट पेपर लीक प्रकरण पर कांग्रेस नाराज नहीं, बल्कि परेशान नजर आ रही है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पीएम आवास के बाहर हाई सिक्योरिटी एरिया में प्रदर्शन किया जाना गैर जिम्मेदाराना है। ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग लेने आए गंगवा बाद में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी खुद छात्रों की मांग पर स्थिति स्पष्ट करते हुए बता चुके हैं कि इस प्रकरण के आरोपियों के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामला चलेगा। जल्द से जल्द सजा सुनाई जाएगी। इसके बावजूद कांग्रेस छात्र आंदोलन के बहाने राजनीतिक रोटियां सेंक रही है। पेपर लीक मामले में केंद्र सरकार विपक्ष को संसद के दोनों सदनों में चर्चा के लिए आमंत्रित कर चुकी है, परंतु कांग्रेस चर्चा में भाग लेने से भी बच रही है। राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष होने के बावजूद पद की गरिमा को भी तार-तार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी सूरत में खिलवाड़ नहीं होने देने की बात कह चुके हैं।

### सीवर की सफाई के लिए खरीद रहे मशीन

जलभराव और सीवर की समस्या को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में गंगवा ने कहा कि अधिकारियों को पहले ही जलभराव से निपटने के लिए व्यापक प्रबंध करने के आदेश दिए जा चुके हैं। पानी निकासी के लिए मोटरों और पाइपों की समुचित व्यवस्था की गई है। सीवर की सफाई के लिए पहले प्रदेश में सिर्फ 6 सुपर सकर मशीनें थीं। अब सरकार ने ज्यादा मशीनें खरीदने का निर्णय लिया है, जिसके तहत नई मशीनें आनी शुरू हो गई हैं।

### गांवों में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बारिश के मौसम को देखते हुए शहर में जहां नगर परिषद और पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों को निर्देश चुकी है, वहीं गांवों में भी पंचायत अधिकारियों को बरसाती पानी की निकासी व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए कहा गया है। नगर परिषद और पब्लिक हेल्थ के अधिकारी मिलकर जल निकासी सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। इसमें चूक करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### खाते में भुगतान का झांसा देकर की ठगी


**नारनौल।** नई मंडी क्षेत्र में एक दुकानदार को फर्जी भुगतान का झांसा देकर 38 हजार 520 रुपये मूल्य के बिजली के तार ठग लिए गए। मामले में शहर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नई मंडी राजीव चौक निवासी रामपाल गर्ग ने बताया कि गुरुवार दोपहर अज्ञात व्यक्ति दुकान पर आया। उसने खुद को अटेली स्थित नेशनल हाईवे प्राइवेट लिमिटेड का कर्मचारी बताया और चार एमएम के आरआरक्यू-1 तार के छह बंडल खरीदने की बात कही। आरोपित ने कंपनी का जीएसटी नंबर देकर उसी के नाम बिल बनाने को कहा और भुगतान बैंक खाते में करवाने को कहा। तथा मोबाइल पर भुगतान का मैसेज भी दिखाया। इस पर उसने सामान सौंप दिया। कुछ समय बाद बैंक खाते की जांच की तो उसमें राशि जमा नहीं हुई थी।

**शिक्षा** | इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय ने एडमिशन के लिए जारी किया संशोधित कार्यक्रम

# एलएलबी और पीजी पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए 27 तक ऑनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय शैक्षणिक विभागों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एलएलबी एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों (एमबीए को छोड़कर) की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने विद्यार्थियों के हितों को देखते हुए यह प्रवेश कार्यक्रम लागू किया है। इच्छुक अभ्यर्थी 27 जुलाई दोपहर 3 बजे तक विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते है। विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग की ओर से 27 जुलाई शाम 5 बजे तक विश्वविद्यालय पोर्टल एवं नोटिस बोर्ड पर मेरिट सूची प्रदर्शित की जाएगी। मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थियों को 28 जुलाई शाम 5 बजे तक मूल दस्तावेजों का सत्यापन कराना होगा तथा निर्धारित प्रवेश शुल्क जमा करना होगा। इसके उपरांत 29 जुलाई शाम 5 बजे के बाद श्रेणीवार रिक्त सीटों का विवरण अकादमिक शाखा एवं विश्वविद्यालय समन्वय केंद्र को उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि आगे की प्रवेश प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूर्ण की जा सकें।



प्रो. सतीश कुमार।

■ 27 जुलाई शाम 5 बजे तक जारी होगी मेरिट लिस्ट

### अर्थशास्त्र विभाग में रोजगार के अपार अवसर : प्रो. सतीश कुमार

अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. सतीश कुमार विद्यार्थियों से आग्रह किया कि एमए अर्थशास्त्र कार्यक्रम में सीमित सीटें उपलब्ध हैं, इसलिए वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना शीघ्र आवेदन करें। उन्होंने कहा कि अर्थशास्त्र वर्तमान समय का एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं रोजगारोन्मुख विषय है, जो विद्यार्थियों को आर्थिक विश्लेषण, सार्वजनिक नीति, वित्तीय प्रबंधन, बैंकिंग, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, डेटा विश्लेषण तथा विकास अध्ययन जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा, शोध, शिक्षण, बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थानों, भारतीय रिजर्व बैंक, नीति आयोग, सांख्यिकी एवं योजना विभागों, सिविल सेवा, कॉर्पोरेट क्षेत्र, अंतरराष्ट्रीय संगठनों तथा विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं में करियर की व्यापक संभावनाएं उपलब्ध हैं। साथ ही यह विषय यूजीसी-नेट, सिविल सेवा तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी अत्यंत उपयोगी माना जाता है।

## जिले के आरटीआर स्टेडियम सहित अनेक विद्यालयों में होंगे मुकाबले

# जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आज से, तीन तक लड़के व चार अगस्त तक लड़कियां दिखाएंगी दम

**ब्लॉक स्तर के विजेता अंडर-14, 17 व 19 आयु वर्ग के खिलाड़ी लेंगे भाग**





रेवाड़ी। कबड्डी प्रतियोगिता में खेलते खिलाड़ी। (फाइल फोटो) तथा खो-खो प्रतियोगिता में खेलते खिलाड़ी। (फाइल फोटो) फोटो : हरिभूमि

- **आरपीएस बीएमजी में जिम्नास्टिक मुकाबले होंगे**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

शिक्षा विभाग की ओर से चल रही खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुक्रवार को समापन हो गया। 25 जुलाई से जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। लड़कों की प्रतियोगिताएं 3 अगस्त, जबकि लड़कियों के मुकाबले 4 अगस्त को समाप्त होंगे। शिक्षा विभाग ने अंडर-14, 17, 19 आयु वर्ग में लड़कों और लड़कियों की विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। खंड स्तर के विजेता खिलाड़ी और टीम अब जिला स्तर पर प्रतिभागिता करेंगे।

### विभिन्न खेलों में दम दिखाएंगे लड़के व लड़कियां

25 जुलाई को लड़कों की अंडर-14, 17 व 19 आयु वर्ग में तलवारबाजी और जूडो प्रतियोगिताएं राव तुलाराम स्टेडियम में होंगी। इसी दिन आरपीएस बीएमजी में जिम्नास्टिक मुकाबले होंगे। इसी दिन लड़कियों की तलवार बाजी राव तुलाराम स्टेडियम, गर्ल्स की शूटिंग प्रतियोगिता राव शूटिंग अकादमी तथा ताईक्वांडो प्रतियोगिता जीडी गोयनका स्कूल में होगी। 26 जुलाई को राजकीय विद्यालय ततारपुर इस्तमुरार में अंडर-14, 17 व 19 आयु वर्ग में लड़कियों की नेटबॉल प्रतियोगिता होगी।

27 जुलाई को लड़कों के तीनों आयु वर्ग की राव शूटिंग अकादमी में शूटिंग, राव तुलाराम स्टेडियम में टेबल टेनिस, डीपीएस में 14 आयु वर्ग के क्रिकेट ट्रायल तथा कंवाली स्टेडियम में अंडर-14, 17, 19 आयु वर्ग की हॉकी प्रतियोगिताएं होंगी। 27 जुलाई को ही आरपीएस बीएमजी में लड़कियों की जिम्नास्टिक, राज इंटरनेशनल स्कूल में बैडमिंटन व राजकीय मिडिल स्कूल खेड़ा मुरार में कुश्ती के मुकाबले होंगे।

28 जुलाई को डीपीएस में अंडर-17 वर्ग लड़कों के क्रिकेट ट्रायल, हरिसिंह पब्लिक स्कूल में अंडर-14, 17, 19 वर्ग के शतरंज, राजकीय मिडिल स्कूल भूड़ला में अंडर-14 वर्ग की बास्केटबॉल तथा राज इंटरनेशनल स्कूल में अंडर-14, 17, 19 वर्ग की योगासन प्रतियोगिताएं होंगी। इसी दिन राव तुलाराम स्टेडियम में लड़कियों की अंडर-14, 17, 19 वर्ग की टेबल टेनिस, राजकीय मिडिल स्कूल भूड़ला में अंडर-14 व 19 वर्ग की बास्केटबॉल व कंवाली स्थित स्टेडियम में अंडर-14, 17, 19 वर्ग की हॉकी प्रतियोगिताएं होंगी।

29 जुलाई कोआरपीएस रेवाड़ी में लड़कों की अंडर-14, 17, 19 वर्ग की ताइक्वांडो व स्केटिंग, खेल नर्सरी सुरहेली में तीनों वर्गो की बॉक्सिंग, राज इंटरनेशनल स्कूल में तीनों वर्गो की बैडमिंटन, खेल नर्सरी सुरहेली में कुश्ती, खेल स्टेडियम बावल में अंडर-14, 19 वर्ग की खो-खो, डीपीएस में अंडर-19 वर्ग के क्रिकेट ट्रायल तथा भारतीय स्कूल नांगलमूंदी में अंडर-14, 17, 19 वर्ग की तीरंदाजी होगी। 29 जुलाई को आरपीएस रेवाड़ी में लड़कियों की स्केटिंग, हरिसिंह स्कूल में शतरंज, खेल नर्सरी सुरहेली में लड़कियों की अंडर-17 व 19 वर्ग में बॉक्सिंग, आरपीएस रेवाड़ी में अंडर-17 वर्ग बास्केटबॉल तथा भारतीय स्कूल नांगलमूंदी में अंडर-14, 17, 19 वर्ग की तीरंदाजी प्रतियोगिताएं होंगी।

30 जुलाई को राव तुलाराम स्टेडियम में लड़कों की अंडर-14,17, 19 वर्ग के फुटबॉल ट्रायल, कृष्णानगर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अंडर-17 व 19 वर्ग की वालीबॉल, राष्ट्रीय स्कूल खंडोडा में अंडर-17 वर्ग की कबड्डी, स्वामी विवेकानंद स्कूल गुरावड़ा में अंडर-17 वर्ग की खो-खो तथा हैरिटेज गैलेक्सी स्कूल करावरा मानकपुर में अंडर-14 वर्ग के वालीबॉल मुकाबले होंगे। इसी दिन राज इंटरनेशनल स्कूल में लड़कियों की अंडर-14, 17, 19 वर्ग की योगासन, राष्ट्रीय स्कूल खंडोड़ा में अंडर-17 वर्ग की कबड्डी, कृष्ण नगर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अंडर-17 व 19 वर्ग की वालीबॉल, हैरिटेज गैलेक्सी स्कूल में अंडर-14 वर्ग की वालीबॉल तथा नांगलमूंदी भारतीय स्कूल में तीरंदाजी प्रतियोगिता होगी।

31 जुलाई को स्वामी उमा भारती स्कूल में लड़कों की अंडर-14, 17, 19 वर्ग की नेटबाल प्रतियोगिताएं होंगी। एक अगस्त को डीएनपीएस बालावास जमापुर में लड़कों की अंडर-14 व 19 वर्ष की कबड्डी प्रतियोगिताएं होंगी। 3 अगस्त को आरपीएस रेवाड़ी में अंडर-14, 17, 19 वर्ग की हैंडबॉल व राजीव गांधी खेल स्टेडियम कोसली में एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं होंगी। एक अगस्त को डीएनपीएस बालावास जमापुर में लड़कियों की अंडर-14 व 19 वर्ग की कबड्डी, स्वामी विवेकानंद स्कूल गुरावड़ा में अंडर-14 व 17 वर्ग की खो-खो तथा राजीव गांधी खेल स्टेडियम गुरावड़ा में हैंडबॉल मुकाबले होंगे। 4 अगस्त को राजीव गांधी खेल स्टेडियम मनेठी में लड़कियों की अंडर-14, 17, 19 वर्ग की एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं होंगी।

## न्यूज डायरी

### मानसून का समय पौधरोपण के लिए सबसे उत्तमः विनोद यादव



रेवाड़ी। राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में शुक्रवार को प्राचार्य विनोद यादव के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम एवं स्वच्छ हरियाणा-हरित हरियाणा मुहिम के तहत पौधरोपण व पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षाविद साहित्यकार मनोज वशिष्ठ के नेतृत्व में विभिन्न किस्मों के फलदार एवं फूलदार पौधे लगाए गए। शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ जामुन, आंवला, हार सिंगार, श्यामा तुलसी, रामा तुलसी, गुलाब, खजूर, इमली, सिरस व पापड़ी के करीब 600 पौधे रोपित व वितरित किए। प्राचार्य, प्रवक्ता जितेन्द्र दखोरा, विकास, सुख सहायक ओमप्रकाश व शिक्षाविद मनोज वशिष्ठ ने स्काउट दल के सहयोग से अनेक पौधे लगाए। व्याख्याता बबीता राजपाल, सुनीता देवी व सुनीता कुमारी ने भी पौधरोपण किया। इस मौके पर प्राचार्य विनोद यादव ने कहा कि मानसून का समय पौधरोपण के लिए सबसे उत्तम है। एक पेड़ मां के नाम का संदेश देकर बच्चों और अभिभावकों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने का प्रयास किया गया है। मनोज वशिष्ठ ने कहा कि पेड़ केवल ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि जीवन देते हैं। जामुन, आंवला, तुलसी जैसे पौधे हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए लाभकारी हैं। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों को पौधे भेंट किए गए।

### एएम टीम ने गोक्रांति गोशाला में लगाए अनेक प्रजातियों के पौधे



रेवाड़ी। मानसून सीजन में एएम टीम फाउंडेशन की ओर से चलाए जा रहे प्रकृति के संग उत्सव अभियान के तहत अंसल टाउन स्थित गोक्रांति गोशाला में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था की सदस्य अनुराधा सैनी के जन्मदिवस के पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि विशेष अवसरों पर पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लेना आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे सुंदर उपहार है। कार्यक्रम के दौरान नीम, पीपल, बरगद, बेलपत्र एवं आम सहित विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए तथा पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड भी उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष राहुल राठौड़ ने कहा कि सभी लोगों को अपने जन्मदिन और अन्य विशेष अवसरों को पौधरोपण एवं समाजसेवा के साथ मनाना चाहिए। कार्यक्रम में लावण्या फाउंडेशन की उपाध्यक्ष संगीता, योगाचार्य दयाराम, शुभराम यादव व अजय यादव ने सहयोग प्रदान किया। सभी ने पौधों की देखभाल और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।



### ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया

रेवाड़ी। जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने शुक्रवार को गांव गिंढोखर व बोड़िया कमालपुर में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों, साइबर अपराधों व ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरूक किया। इस अवसर एएसआई जितेन्द्र कुमार ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। पुलिस टीम ने ग्रामीणों को साइबर अपराध के खतरों से भी अवगत करवाया। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहकर किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा करने की अपील की। ग्रामीणों को यातायात नियमों की भी जानकारी दी गई। नशा मुक्ति टीम ने अपील करते हुए कहा कि यदि कोई भी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या आपातकालीन स्थिति हो तो तुरंत डायल 112 पर सूचना दें। इसके अलावा नशा गतिविधियों की सूचना मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर करें।



### खंड स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता में हैप्पी स्कूल का दबदबा

कोसली। कोसली के राजीव गांधी स्टेडियम व स्कूलों में 20 से 24 जुलाई तक आयोजित खंड स्तरीय प्रतियोगता में हैप्पी स्कूल के खिलाड़ियों ने अंडर-14 व 17 आयु वर्ग की वालीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। छात्र अमरजीत व मंजीत ने कुश्ती में प्रथम व अंडर-17 आयु वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता में रितिक और संयम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही छात्र वरूण, मोहित व छात्रा अनन्या और सारा ने भी शतरंज में शानदार प्रदर्शन किया। छात्र कर्ण ने 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान व 200 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। जतिन ने 400 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। हर्ष और धीरज ने बैडमिंटन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल निदेशक बिमल मलिक व डा. रामकरण मलिक ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी।

## किसान विरोधी नीतियां लाकर पूंजीपतियों को फायदा पहुंचा रही बीजेपी सरकारः कामरेड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी



ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की ओर से शुक्रवार को गांव खोल में जनसभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कामरेड सत्यवान ने कहा कि जन जीवन के ज्वलंत मुद्दे महंगाई, बेरोजगारी, किसान विरोधी अमेरिका भारत डील, बिजली के निजीकरण व स्मार्ट मीटर, पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, सीएनजी व खाद, बीज के बढ़ाए गए रेट के विरोध, किसानों को उनकी फसल लागत से डेढ़ गुना लाभकारी मूल्य देने व किसान मजदूरों को कर्ज मुक्त करने सहित मांगों के लिए आने वाले दिनों में किसान, मजदूर, छात्र, युवा व महिलाओं का प्रदेशव्यापी आंदोलन गठित किया जाएगा। कामरेड राजेंद्र सिंह ने कहा कि बीजेपी सरकार लगातार किसान विरोधी नीतियां लाकर पूंजीपतियों की बड़ी-बड़ी कंपनियों को फायदा पहुंचा रही है। नतीजतन किसान कर्ज के जाल में फंसकर आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहा है।

## अंडर-14 कबड्डी में बाल संस्कार स्कूल व अंडर-17 खो-खो में राजकीय स्कूल गुड़ियानी बना विजेता



कोसली। शुक्रवार को राजीव गांधी खेल स्टेडियम कोसली में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए एथलेटिक्स, कबड्डी तथा खो-खो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अंडर-14 एथलेटिक्स में 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 600 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप तथा अन्य स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडर-17 वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर दौड़ सहित विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाओं तथा अंडर-19 वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर तथा 3000 मीटर दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। टीम खेलों में भी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-14 कबड्डी प्रतियोगिता में बाल संस्कार स्कूल की टीम विजेता रही। अंडर-17 कबड्डी प्रतियोगिता में न्यू होराइजन स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 खो-खो प्रतियोगिता में न्यू सरस्वती पब्लिक स्कूल विजेता रहा। अंडर-17 खो-खो प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुड़ियानी की टीम प्रथम रही। अंडर-19 खो-खो प्रतियोगिता में पाथ फाइंडर ग्लोबल स्कूल ने पहला स्थान हासिल किया। प्रतियोगिताओं के संचालन में अतुल सिंह डीपीई, महेंद्र सिंह डीपीई, ओमप्रकाश डीपीई, संजय डीपीई, चंद्रशेखर बहादुरगढ़ के पीटीआई, राकेश पीटीआई, धर्मेंद्र पीटीआई, अंकित पीटीआई व प्रवीण पीटीआई का सहयोग रहा।

## नलकूपों से केबल चोरी करने के दो आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी



बावल एरिया में ट्यूबवेलों से बिजली की केबल चोरी करने के बाद बिना नंबर प्लेट की बाइक पर बेचने के लिए जा रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब हो गए। दोनों आरोपियों को कोर्ट से रिमांड पर लिया गया है। पुलिस फरार हुए आरोपियों की तलाश कर रही है। वीरवार की रात गश्त के दौरान पुलिस को बावल से झाबुआ रोड की ओर बिना नंबर प्लेट लगी बाइक पर जा रहे चार लोग दिखाई दिए। संदेह होने पर पुलिस ने बाइक का पीछा करना शुरू कर दिया। बाइक चालक ने पुलिस को देखकर बाइक तेज गति से भगा दी। नंगली परसापुर रोड पर मोड़ के पास बाइक स्लिप होकर गिर गई। बाइक पर सवार दो लोगों को पुलिस ने काबू कर लिया, जबकि दो चकमा देकर भागने में कामयाब हो गए। पकड़े गए युवकों ने अपना नाम राजस्थान के खैरथल तिजारा जिले के गांव घीकाका निवासी कोशिंद्र व सन्नी शर्मा बताया। उनके पास मौजूद बैग से चोरी किए गए बिजली के तार व तार काटने के लिए इस्तेमाल होने वाले उपकरण मिले। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वह बावल के आसपास के एरिया में ट्यूबवेलों से बिजली की केबल चोरी करते रहे हैं। वह चोरी की हुई केबल बेचने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट से रिमांड पर लिया है।

### कई वारदातों का हो सकता है खुलासा

बावल एरिया में नलकूपों से बिजली की केबल की कई वारदात हो चुकी हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों से पूछताछ के दौरान चोरी की कई वारदातों का खुलासा हो सकता है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के तार, उपकरण व बाइक कब्जे में ले लिए हैं। फरार हुए दोनों आरोपियों को काबू करने के लिए पुलिस की टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

## विश्वकर्मा स्कूल के छात्र उत्कर्ष का क्रिकेट टीम में चयन

- **विद्यार्थियों की उपलब्धियां ही किसी भी विद्यालय की सबसे बड़ी पहचान होती हैं**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी



विश्वकर्मा सीनियर सैकेंडरी स्कूल के छात्र उत्कर्ष का क्रिकेट टीम में चयन हुआ है। विद्यालय के प्रधान हेमंत शर्मा, सचिव धीरज शर्मा जांगड़ा, कोषाध्यक्ष प्रीतम शर्मा व प्रधानाचार्या मंजू यादव ने छात्र को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धियां ही किसी भी विद्यालय की सबसे बड़ी पहचान होती हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य सह-शैक्षिक गतिविधियों को भी समान महत्व देता है, ताकि विद्यार्थी हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि छात्र आने वाले समय में अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर विद्यालय, परिवार तथा पूरे क्षेत्र का नाम खेल जगत में रोशन करेगा।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 8291554800

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें**

रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

भक्ति

**इस बार शनिवार से चातुर्मास का शुभारंभ हो रहा है, जो कार्तिक पूर्णिमा तक जारी रहेगा**

**चातुमार्स का व्रत शुभ फलकारी माना जाता है**

# आषाढ़ शुक्ल चातुर्मास्य व्रत की शुरुआत आज योगनिद्रा में चले जाएंगे भगवान विष्णु

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

- **चातुर्मास के दौरान ब्रह्मचर्य का पालन व्रतों में सबसे उत्तम माना गया है**



रेवाड़ी। शयनशैया पर लेटे हुए भगवान विष्णु। फोटो : हरिभूमि

आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी के साथ ही 25 जुलाई से भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाएंगे। इस बार शनिवार से चातुर्मास का शुभारंभ हो रहा है, जो कार्तिक पूर्णिमा तक जारी रहेगा। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी देवशयनी एकादशी पर भगवान श्रीहरि विष्णु के योगनिद्रा में जाने के बाद भक्त चार महीनों तक भक्ति, जप, तप और संयम का संकल्प लेते हैं। चातुमार्स का व्रत शुभ फलकारी माना जाता है। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि स्कंद पुराण के अनुसार चातुर्मास्य व्रत के निष्ठापूर्वक पालन से मनुष्य को एक हजार अश्वमेघ यज्ञ के समान पुण्य फल प्राप्त होता है। चातुर्मास के दौरान ब्रह्मचर्य का पालन व्रतों में सबसे उत्तम माना गया है। चार महीनों में मौन, ध्यान, उपवास, दान, भूमि शयन और पत्तल पर भोजन करना विशेष फलदायी होता है। मनुष्य सदा प्रिय वस्तु की इच्छा करता है। जो चतुर्मास में अपने प्रिय भोगों का श्रद्धा एवं प्रयत्नपूर्वक त्याग करता है, उसकी त्यागी हुई वे वस्तुएं उसे अक्षय रूप में प्राप्त होती हैं। चतुर्मास में गुड़ का त्याग करने से मनुष्य को मधुरता की प्राप्ति होती है। ताम्बूल का त्याग करने से मनुष्य भोग-सामग्री से सम्पन्न होता है और उसका कंठ सुरीला होता है। दही छोड़ने वाले मनुष्य को गोलोक मिलता है। नमक छोड़ने वाले के सभी पूर्तकर्म सफल होते हैं। जो व्यक्ति मौनव्रत धारण करता है उसकी आज्ञा का कोई उल्लंघन नहीं करता। चतुर्मास में काले एवं नीले रंग के वस्त्र त्याग देने चाहिए। नीले वस्त्र को देखने से जो दोष लगता है उसकी शुद्धि भगवान सूर्यनारायण के दर्शन से होती है। लाल रंग व केसर का भी त्याग कर देना चाहिए।

### भूमि पर शयन करने से होता है लाभ

**चतुर्मास में अनार नींबू, नारियल तथा मिर्च, उड़द और चने का भी त्याग करें**

ज्योतिषियों का कहना है कि आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को श्रीहरि के योगनिद्रा में प्रवृत्त हो जाने पर मनुष्य चार मास अर्थात कार्तिक की पूर्णिमा तक भूमि पर शयन करें। ऐसा करने वाला मनुष्य बहुत से धन से युक्त होता और विमान प्राप्त करता है, बिना मांगे स्वतः प्राप्त हुए अन्न का भोजन करने से बावली और कुआं बनवाने का फल प्राप्त होता है। जो भगवान जनार्दन के शयन करने पर शहद का सेवन करता है, उसे महान पाप लगता है। चतुर्मास में अनार, नींबू, नारियल तथा मिर्च, उड़द और चने का भी त्याग करें।

### देवशयनी एकादशी पर करें प्रतिज्ञा

देवशयनी एकादशी के बाद प्रतिज्ञा करना कि हे भगवान, मैं आपकी प्रसन्नता के लिए अमुक सत्कर्म करूंगा। अग्निहोत्र, भक्ति, धर्मविषयक श्रद्धा, उत्तम बुद्धि, सत्संग, सत्यभाषण, हृदय में दया, सरलता एवं कोमलता, मधुर वाणी, उत्तम चरित्र में अनुराग, वेदपाठ, चोरी का त्याग, अहिंसा, लज्जा, क्षमा, मन एवं इन्द्रियों का संयम, लोभ, क्रोध और मोह का अभाव, वैदिक कर्मों का उत्तम ज्ञान तथा भगवान को अपने चित का समर्पण-इन नियमों को मनुष्य अंगीकार करें।

### तिल व आंवले के जल से करेंगे स्नान

जो मनुष्य जल में तिल और आंवले का मिश्रण अथवा बिल्वपत्र डालकर ओम नमः शिवाय का चार-पांच बार जप करके उस जल से स्नान करता है, उसे नित्य महान पुण्य प्राप्त होता है। बिल्वपत्र से वायु प्रकोप दूर होता है और स्वास्थ्य की रक्षा होती है।

### जल की होती है शुद्धि

**तीर्थ और नदी आदि में स्नान करने का विशेष महत्व**

चतुर्मास में विशेष रूप से जल की शुद्धि होती है। उस समय तीर्थ और नदी आदि में स्नान करने का विशेष महत्त्व है। नदियों के संगम में स्नान के पश्चात पितरों एवं देवताओं का तर्पण करके जप, होम आदि करने से अनंत फल की प्राप्ति होती है। ग्रहण के समय को छोडकर रात को और संध्याकाल में स्नान न करें। गर्म जल से भी स्नान नहीं करना चाहिए। गर्म जल का त्याग कर देने से पुष्कर तीर्थ में स्नान करने का फल मिलता है।